अमर उजाला 05/09/2024

अच्छे बैंकरों से होती है अच्छी बैंकिंग : चेतन

अंबाला। छावनी में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से आर्य गर्ल्स कॉलेज और आईडीसी और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बैंकिंग में व्यावसायिक नैतिकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका आयोजन कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में ऑनलाइन मोड पर किया। इस दौरान इंडियन ओवरसीज बैंक, जीएमएन शाखा के प्रबंधक चेतन मंगला इस कार्यशाला के लिए मुख्य वक्ता रहे। इस व्याख्यान का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग में व्यावसायिक नैतिकता के बारे में शिक्षित करना था और विद्यार्थियों को बैंकिंग लेनदेन में आम धोखाधड़ी गतिविधियों से रूबरू कराने पर ध्यान केंद्रित करना था। कार्यक्रम को एक व्यापक शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया था, जिससे छात्रों को बैंकिंग में पेशेवर आचरण के आवश्यक ज्ञान और समझ से लैस किया जा सके। व्याख्यान में कुल 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संवाद